# सेवा संस्कार संगठन


## तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

पंजीकृत कार्यालय : ए-875, शास्त्रीनगर, दिल्ली-110052

कार्यालय : अणुव्रत भवन, 210, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002

मोबाईल : 9315078011-12-13

ईमेल - delhityp@gmail.com वेबसाईट - www.typdelhi.org


तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

# आरोहण

## 58 वाँ वार्षिक अधिवेशन




## प्रगति-प्रतिवेदन

## 2024 - 25

# विजय गीत

लक्ष्य है ऊँचा हमारा, हम विजय संगान गाएं ।
चीरकर कठिनाइयों को, दीप सम हम जगमगाएं।।
तेज सूरज-सा लिये हम,
शुभ्रता शशि-सी लिये हम,
पवन-सा गति वेग लेकर, चरण ये आगे बढ़ाएं।।
हम न रुकना जानते हैं,
हम न झुकना जानते हैं,
हो प्रबल संकल्प इतना, सफल हो सब कल्पनाएं।।
हम अभय, निर्मल निरामय,
हैं अटल जैसे हिमालय,
हर कठिन जीवन घड़ी में, फूल बनकर मुस्कराएं।।
हे प्रभो ! पा पंथ तेरा,
हो रहा अब नव सवेरा
स्वस्थ तन-मन, स्वस्थ चिंतन, चेतना की लौ जलाएं।।


OSWAL MARBLES
WALK AROUND LUXURY

For every home that needs a FOREVER!



SANDEEP DUNGARWAL
+91-9810321131

LAKSHAY DUNGARWAL
+91-9818350816

SikanderpurMarbleMarket,MGRoad(opp.metropillarno.20),Gurugram,Haryana- 122002
PlotNo.13,Sector34,Gurugram,Haryana- 122004

www.oswalmarble.com

# 57वां वार्षिक अधिवेशन

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली का 57वां वार्षिक अधिवेशन (सत्र 2023–24) एवं साधारण सभा का आयोजन श्री विकास चौरड़िया की अध्यक्षता में दिनांक 16 जून 2024 को अणुव्रत भवन में हुआ। परिषद् के परामर्शकगण, दिल्ली की विभिन्न संघीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं युवा साथी इस अवसर पर उपस्थित रहे। साधारण सभा में चुनाव अधिकारी श्री नवनीत दुगड़ एवं सह–चुनाव अधिकारी श्री प्रवीण डूंगरवाल ने आगामी सत्र 2024–25 के अध्यक्ष हेतु श्री राकेश बैंगाणी को मनोनीत किया।





# शपथ ग्रहण समारोह

तेरापंथ युवक परिषद् के सत्र 2024–25 हेतु नव मनोनीत अध्यक्ष श्री राकेश बैंगाणी के नेतृत्व में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 19 जुलाई 2024 को तेरापंथ भवन रोहिणी, दिल्ली में युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के आज्ञानुवर्ती 'शासनश्री' मुनिश्री विमल कुमार जी ठाणा–4 के सान्निध्य में आयोजित किया गया।

जैन संस्कारक ''श्री'' संस्कारक श्री प्रदीप संचेती, श्री हिम्मत राखेचा, श्री सौरभ आंचलिया, श्री विकास सुराणा, श्री मनीष बरमेचा, श्री संजय संचेती, श्री महेंद्र श्यामसुखा ने पुरे विधि–विधान व मंगल मंत्रोच्चार से शपथ ग्रहण कार्यक्रम सानन्द संपन्न करवाया।

निवर्तमान अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया ने नव मनोनीत अध्यक्ष श्री राकेश बैंगाणी को शपथ ग्रहण करवाई। तत्पश्चात नव मनोनीत अध्यक्ष श्री राकेश बैंगाणी ने अपनी टीम की घोषणा की तथा उन्हें विधिवत शपथ दिलाई। 'शासनश्री' मुनि श्री विमल कुमार जी एवं सहवर्ती संतो ने प्रेरणा पाथेय प्रदान कर नव गठित टीम एवं उपस्थित युवाशक्ति में नई ऊर्जा का संचार किया एवं मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विभिन्न सभा संस्थाओं के सम्माननीय पदाधिकारीगण, पूर्व अध्यक्षगण, अभातेयुप से दिल्ली शाखा प्रभारी श्री अंकुर लुणिया, तेयुप के सदस्यों एवं श्रावक–श्राविका समाज की गरिमामय उपस्थिति रही। सभी ने नवगठित टीम के प्रति मंगलकामनाएं प्रेषित की। तेयुप दिल्ली के नव मनोनीत सह मंत्री श्री शुभम जैन ने कार्यक्रम में अपना सान्निध्य प्रदान करने के लिए 'शासनश्री' मुनिश्री विमल कुमार जी ठाणा–4 के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की तथा पधारे हुए सभी अतिथियों, युवा साथियों एवं श्रावक–श्राविका समाज का आभार व्यक्त किया।






# चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

युगप्रधान महातपस्वी आचार्य श्री महाश्रमण जी ने दिल्ली के 9 विभिन्न क्षेत्रों में चारित्रात्माओं का चातुर्मास प्रदान कर दिल्ली वासियों पर महत्ती कृपा की। सभी स्थानों पर चातुर्मासिक प्रवेश में तेयुप के युवा साथियों ने पूर्ण सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया।

**12 जून 2024** — साध्वीश्री डॉ. कुंदन रेखा जी ठाणा-3
अणुव्रत भवन, नई दिल्ली

**7 जुलाई 2024** — 'शासनश्री' मुनि श्री विमल कुमार जी ठाणा-4
तेरापंथ भवन, रोहिणी

**12 जुलाई 2024** — साध्वीश्री अणिमा श्री जी ठाणा-5
खिलौनी देवी धर्मशाला, पीतमपुरा

**12 जुलाई 2024** — साध्वीश्री लब्धिप्रभा जी ठाणा-3
तेरापंथ भवन, पश्चिम विहार

**15 जुलाई 2024** — 'शासनश्री' साध्वीश्री ललितप्रभा जी ठाणा-3
तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर

**15 जुलाई 2024** — 'शासनश्री' साध्वीश्री रविप्रभा जी ठाणा-5
तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर

**16 जुलाई 2024** — 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्री जी ठाणा-5
तेरापंथ भवन, महरौली

**17 जुलाई 2024** — 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्रा जी ठाणा-5
गोयल श्रद्धा निवास, ग्रीन पार्क

**17 जुलाई 2024** — साध्वीश्री संगीतश्री जी ठाणा-4
ओसवाल भवन, विवेक विहार










## मंत्र दीक्षा

**नैतिकता का पाठ पढ़ाएं,**
**बच्चों को सही राह दिखाएं।**
**अच्छे कर्मों से जीवन बनाएं,**
**नैतिकता का पालन कराएं।**

भावी पीढ़ी को जीवन के मूल्यों, नैतिकता और आध्यात्मिक ज्ञान की शिक्षा देने व उन्हें सकारात्मक और सुसंस्कारी नागरिक बनाने के लक्ष्य से आषाढ़ी पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिनांक 21 जुलाई 2024 को मंत्र दीक्षा का कार्यक्रम दिल्ली के 6 चातुर्मासिक स्थलों पर आयोजित किया गया। केंद्र द्वारा मिले निर्देशानुसार 8 से 9 वर्ष के ज्ञानार्थीयों को चारित्रात्माओं द्वारा मंत्र दीक्षा ग्रहण करवाई गई। दिल्ली में कुल 90 बच्चों ने मंत्र दीक्षा ग्रहण की। कार्यक्रम में बच्चों को मंत्र दीक्षा पुस्तक, माला सहित उपहार भी दिए गये। आयोजन में अपना अथक श्रम देने हेतु ज्ञानशाला प्रभारी श्री मनोज गंग के प्रति आभार।







# बारह व्रत कार्यशाला

बारह व्रत, एक मार्ग है आत्म-उत्थान की ओर,
तप, स्वाध्याय, और सेवा से जीवन बनाएं।
आत्म-निरीक्षण और आत्म-सुधार से बढ़ें,
जीवन को सकारात्मक और अर्थपूर्ण बनाएं।

श्रावक की पहली भूमिका है–सम्यक्त्व दीक्षा। सम्यक्त्व की पुष्टि के बाद श्रावक की दूसरी भूमिका है व्रत–दीक्षा स्वीकार की जाती है। व्रत–दीक्षा का अर्थ है–असंयम से संयम की ओर प्रस्थान। एक गृहस्थ श्रावक पूरी तरह से संयमी नहीं हो सकता, पर वह असंयम की सीमा कर सकता है। इसी दृष्टि से भगवान महावीर ने उसके लिए बारह व्रत रूपी संयम धर्म का निरूपण किया। अणुव्रत, गुणव्रत और शिक्षाव्रत रूपी बारह व्रत एवं तेरहवां मारणान्तिक संलेखना, यही व्रत दीक्षा है।

परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमण जी की विशेष प्रेरणा से अभातेयुप द्वारा निर्देशित बारह व्रत स्वीकरण कार्यशाला का आयोजन 6 चातुर्मासिक स्थलों (तेरापंथ भवन– रोहिणी, तेरापंथ भवन– पश्चिम विहार, तेरापंथ भवन– शास्त्री नगर, खिलौनी देवी धर्मशाला– पीतमपुरा, अणुव्रत भवन– नई दिल्ली, ओसवाल भवन– विवेक विहार) पर दिनांक 8 अगस्त 2024 को किया गया। कार्यशाला के बैनर का अनावरण दिल्ली के 5 चातुर्मासिक स्थल (रोहिणी, शास्त्री नगर, पीतमपुरा, पश्चिम विहार एवं विवेक विहार) पर चारित्रात्माओं के सान्निध्य में करवाया गया। बारह व्रत पुस्तक का वितरण भी किया गया। चारित्रात्माओं द्वारा 12 व्रत के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विविध क्षेत्रों में 190 श्रावक श्राविकाओं ने 12 व्रत का स्वीकरण ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन के माध्यम से किया।





# सम्यक् दर्शन कार्यशाला

अभातेयुप एवं समण संस्कृति संकाय के संयुक्त तत्वावधान में सम्यक् दर्शन कार्यशाला का आयोजन दिनांक 31 जुलाई 2024 से 14 अगस्त 2024 तक किया गया। कार्यशाला की परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से संबोधि एप पर आयोजित की गई। सम्यक् दर्शन कार्यशाला के बैनर का अनावरण दिल्ली के 5 चातुर्मासिक स्थल (रोहिणी, शास्त्री नगर, पीतमपुरा, पश्चिम विहार एवं विवेक विहार) पर चारित्रात्माओं के सान्निध्य में हुआ। चारित्रात्माओं द्वारा श्रावक–श्राविका समाज को इस कार्यशाला में संभागी बनने की प्रेरणा दी गई। इस वर्ष यह कार्यशाला आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी की पुस्तक **'पुरूषोतम महावीर'** पर आधारित थी। कार्यशाला में 30 रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए। सभी प्रतिभागियों को यह पुस्तक रियायती मूल्य पर उपलब्ध करवाई गई। कार्यशाला प्रभारी श्री सौरभ कोठारी व सभी साथियों के श्रम नियोजन हेतु आभार। कार्यशाला के प्रायोजक के रूप में श्री रायचंद विकास बाफना का सहयोग रहा, तदर्थ हार्दिक आभार।








# भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान

आचार्य मानतुंग सूरी द्वारा भगवान ऋषभदेव की स्तुति में रचा गया भक्तामर स्त्रोत अत्यंत प्रभावशाली स्त्रोत दिगंबर और श्वेताम्बर दोनों ही परंपराओं में मान्य है। इस स्त्रोत के माध्यम से आदिनाथ भगवान की महिमा, शक्ति और कल्याणकारी गुणों का वर्णन किया गया है, जो उन्हें सर्वशक्ति मान और सर्वज्ञ बताता है।

तेरापंथ युवक परिषद्–दिल्ली द्वारा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान का आयोजन तीन चरणों में किया गया।

**भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान 1460 लाभार्थी**

**04.08.2024**
स्थान : ओसवाल भवन, विवेक विहार
सान्निध्य : साध्वीश्री संगीतश्री जी ठाणा-4

**04.08.2024**
स्थान : तेरापंथ भवन, पश्चिम विहार
सान्निध्य : साध्वीश्री लब्धिप्रभा जी ठाणा-3

**11.08.2024**
स्थान : तेरापंथ भवन, रोहिणी
सान्निध्य : 'शासनश्री' मुनिश्री विमल कुमार जी ठाणा-4

**11.08.2024**
स्थान : खिलौनी देवी धर्मशाला, पीतमपुरा
सान्निध्य : साध्वी श्री अणिमा श्री जी ठाणा-5

**15.08.2024**
स्थान : तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर
सान्निध्य : 'शासनश्री' साध्वीश्री ललितप्रभा जी ठाणा-3

भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान में विविध क्षेत्रों में लगभग 475 दम्पति एवं 510 एकल कुल मिलाकर लगभग 1460 श्रावक–श्राविकाओं ने लाभ लिया। चारित्रात्माओं द्वारा अपने मुखारविंद से भक्तामर स्त्रोत और बीज मंत्रो का उच्चारण करवाया गया। अनुष्ठान के पश्चात् उनके द्वारा भक्तामर स्त्रोत के महत्व एवं इतिहास के बारे में समझाया गया। अनुष्ठान में उपस्थित श्रावक–श्राविकाओं को भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान की पुस्तक वितरण की गई। कार्यक्रम संयोजक श्री विवेक दस्सानी एवं युवा साथियों के श्रम हेतु आभार। पीतमपुरा अनुष्ठान कार्यक्रम में श्रीमती वंदना–श्री प्रवीण बैंगाणी और श्रीमती फूलदेवी बिनाकिया परिवार, ओसवाल भवन– विवेक विहार में श्रीमती गणेशी देवी बोकड़िया परिवार का प्रायोजक के रूप में सहयोग प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक आभार।






णमो सिद्धाणं


विघ्न बाधा निवारक शांति महाअनुष्ठान
“भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान”
दिनांक : 11 अगस्त 2024, रविवार, प्रातः 9.00 बजे से
स्थान : तेरापंथ भवन, सेक्टर-5, रोहिणी, नई दिल्ली
तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली
निवेदक : श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, रोहिणी, तेरापंथ महिला मंडल-उत्तर दिल्ली
क्षेत्रीय संयोजक-नवीन जैन(8368002800)






विघ्न बाधा निवारक शांति महाअनुष्ठान
“भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान”
तेरापंथ युवक परि





# अभातेयुप 58वां वार्षिक अधिवेशन

अभातेयुप 58वें वार्षिक अधिवेशन "हम" आयोजन दिनांक 23 से 25 अगस्त 2024 को सूरत में पूज्य प्रवर के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस त्रि–दिवसीय अधिवेशन में दिल्ली तेयुप के पदाधिकारीगण और प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिवेशन में तेयुप दिल्ली को निम्न प्रकल्पों में पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए।

1. **विराट श्रेणी में प्रथम पुरस्कार ( 2023–24 ) :** सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और विशिष्टता हेतु।
2. **आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर और जैन हॉस्टल :** इन महत्वपूर्ण और परोपकारी परियोजनाओं के शुभारंभ हेतु।
3. **जैन संस्कार विधि सम्मान :** सर्वाधिक कार्यक्रम आयोजन के लिए, जो संगठन की सक्रियता और समर्पण को दर्शाता है।
4. **''मैं हूं सामयिक साधक'' सम्मान :** जप तप महायज्ञ में 24 घंटे का अखंड जप करने के लिए, जो आध्यात्मिक उत्कर्ष और अनुशासन का प्रतीक है।








# संथारा जाप सहभागिता एवं बैकुंठी यात्रा व्यवस्था

आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी शिष्य 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्री जी के 19 दिनों तक संथारा संलेखना के दौरान व्यवस्था, जाप और रात्रिकालीन देखरेख में अध्यात्म साधना केन्द्र महरौली मे तेयुप दिल्ली के कार्यकर्त्ताओं की निरंतर सहभागिता रही। दिनांक 27 अगस्त 2024 को प्रातः 09:21 पर संथारा साधिका 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्री जी ने महाप्रयाण किया।

बैकुंठी यात्रा में जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा दिल्ली द्वारा तेयुप दिल्ली को व्यवस्था संबंधित दायित्व दिया गया, जिसे परिषद् के ऊर्जावान अध्यक्ष श्री राकेश बैंगाणी के निर्देशन एवं सभी युवा साथियों के सहयोग से सुचारू व सुव्यवस्थित तरीके से संपादित किया गया। मुख्यतः बैकुंठी तैयार करना, महरौली से अणुव्रत भवन तक का सफ़र, अणुव्रत भवन से निगमबोध घाट तक की जुलूस यात्रा, यातायात व्यवस्था, निगमबोध घाट पर सुचारु रूप से अंतिम संस्कार की सभी व्यवस्थाओं में तेयुप साथियों द्वारा दायित्व का निर्वहन पूर्ण जागरूकता से किया गया।

संपूर्ण व्यवस्था में सहयोग हेतु जुड़े सभी युवा साथियों के प्रति हार्दिक आभार।

## चातुर्मास एवं पर्युषण काल में सेवा उपासना एवं व्यवस्थाओं में दायित्व निर्वहन

विगत चातुर्मास काल में दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर विराजित चारित्रात्माओं के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद् के सदस्यों को सेवा, उपासना और संगठनात्मक सक्रियता का अनुपम अवसर प्राप्त हुआ। परिषद् के कर्मठ सदस्यों ने चातुर्मासिक प्रवास के दौरान सभी व्यवस्थाओं में तत्परता, अनुशासन और समर्पण के साथ सहभागिता निभाई।

पर्यूषण पर्व एवं समस्त संवत्सरी महापर्व के अवसर पर दिनांक 1 सितंबर से 8 सितंबर 2024 तक दिल्ली के 9 चातुर्मासिक स्थलों पर विराजित चारित्रात्माओं के सान्निध्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कर्मठ युवा साथियों ने दिल्ली सभा व क्षेत्रीय सभाओं की अपेक्षित व्यवस्थाओं को तत्परता से संभाल कर दायित्वों का सक्रियता के साथ निर्वाह किया। परिषद् द्वारा सभी स्थानों पर स्टाल के माध्यम से अभातेयुप के आयामों की जानकारी दी गई। तेयुप, किशोर मंडल, तेरापंथ टाइम्स, युवा दृष्टि व इंजीनिस युवा पत्रिका के सदस्यता अभियान को भी प्रमुखता से चलाया गया। पत्रिकाओं के सदस्यता शुल्क में विशेष रियायत पाठाकों को मिल सके इस हेतु उदारमना सहयोग स्व. बुधमलजी बाफना की पुण्य स्मृति में श्री रायचन्द विकास बाफना का प्राप्त हुआ तदर्थ हार्दिक आभार। तेयुप द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा पर्युषण पर्व के दौरान आठ चातुर्मासिक स्थलों पर लघु स्वास्थ्य जांच शिविर (सशुल्क) सफलता पूर्वक आयोजित किए गए। उपरोक्त सभी आयोजनों में सहभागी संपूर्ण युवाशक्ति के प्रति हार्दिक आभार। पदाधिकारियों द्वारा संवत्सरी महापर्व के पश्चात् दिल्ली में विराजित चारित्रात्माओं के दर्शन कर खमत–खामना किया गया।

## मैं हूँ सामायिक साधक

**आत्मशुद्धि का महत्वपूर्ण साधन**

सामायिक अध्यात्म की यात्रा का पहला पड़ाव है। यह हमारे मन, वचन और काया को शुद्धता की ओर ले जाने का महत्वपूर्ण साधन है। यह हमें आत्म–शांति और आत्म–संयम की दिशा में अग्रसर करता है, जिससे हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर मोड़ सकते हैं।

### सामायिक दिवस पर अभिनव सामायिक कार्यक्रम का आयोजन

तेयुप दिल्ली द्वारा पर्युषण पर्व के तृतीय दिवस, दिनांक 03 सितंबर 2024, मंगलवार को सामायिक दिवस के अवसर पर दिल्ली के 8 चातुर्मासिक स्थलों पर विराजित चारित्रात्माओं के सान्निध्य में अभिनव सामायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवा साथियों एवं श्रावक–श्राविकाओं द्वारा कुल 3162 सामायिक की गईं।

**विभिन्न चातुर्मासिक स्थलों पर सामायिक की संख्या :**




श्री जोधराज हेमंत राजीव बैद परिवार का उदारमना सहयोग मुखवस्त्रिका वितरण के लिए परिषद् को प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक आभार।

## शनिवारीय सामायिक :

तेयुप दिल्ली द्वारा गुरु इंगित की आराधना करते हुए प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे सामायिक करने हेतु सदस्यों एवं श्रावक–श्राविका समाज में जागरूकता हेतु समय–समय पर व्हाट्सऐप पर संदेश प्रेषित किए गए।



## दायित्व बोध कार्यशाला

नवगठित कार्यकारिणी के विभिन्न आयाम प्रभारी एवं क्षेत्रीय संयोजक और सह–संयोजकों को परिषद् के तीनों आयामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दायित्व बोध कार्यशाला का आयोजन दिनांक 25 सितम्बर 2024 को सांय 06:30 बजे अणुव्रत भवन,दिल्ली में किया गया। सदस्यों को सेवा,संस्कार, संगठन से संबंधित अवधारणाओं को विस्तार से समझाया गया। आयामों के अन्तर्गत आने वाले कार्यक्रमों को योजनाबद्ध तरीके से लागू करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया और सदस्यों से सुझाव भी आमंत्रित किये गये।

तेयुप के पूर्व अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा एवं श्री विकास सुराणा ने परिषद् के विविध कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया, जिससे संगठन की सुदृढ़ता और एकजुटता मे वृध्दि हो। सभी को धार्मिक और सामाजिक ज़िम्मेदारी का निर्वहन संगठित तरीके से करने की प्रेरणा दी गई। उपस्थित युवा साथियों की जिज्ञासाओं का समुचित समाधान भी दिया गया। सभी युवा साथियों ने आगामी कार्यक्रमों में और अधिक उत्साह से भाग लेने का संकल्प लिया।




# मंथन
## कल आज और कल

**अभातेयुप की षष्ठी पूर्ति का अवसर,**
**वरिष्ठों संग वर्तमान करेगा 'मंथन'।**
**जिनके श्रम सिंचन से बीज बना तरुवर,**
**उनके अनुभव से वर्तमान को मिलेगा नव चिंतन।**

अभातेयुप के निर्देशानुसार तेयुप दिल्ली द्वारा 'मंथन' कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 25 सितंबर 2024 को सायं 08:30 बजे अणुव्रत भवन, नई दिल्ली में किया गया। तेयुप दिल्ली के पूर्व अध्यक्षों के अनुभवों का उपयोग वर्तमान कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में किस प्रकार किया जाए, इस उद्देश्य से मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परिषद् के पूर्व अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा और श्री विकास सुराणा, वर्तमान पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ अभातेयुप दिल्ली शाखा प्रभारी श्री अंकुर लुणिया की विशेष उपस्थिति रही।

पूर्व अध्यक्षों ने यह सुझाव दिया कि तेयुप द्वारा युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने हेतु, आध्यात्मिक उन्नति के लिए ,समाज सेवा और मानवीय कल्याण के उद्देश्य से समय–समय पर क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए।

मंथन कार्यक्रम में परिषद् के सदस्यों को संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई दिशा मिली। भविष्य में परिषद् की गतिविधियों को अधिक प्रभावी और समृद्ध बनाने हेतु युवा साथी संकल्पित हुए।




A Quitter Never WINS &
A Winner Never QUITS...

HMB ENGINEERING
Wiremesh
wings to your dreams



**Manufacturer & Exporter of**
Wire Mesh,
High Carbon Steel Wire Mesh,
Crushing Wire Cloth,
Spring Steel Wire Cloth with EDGE Preparation,
Crimped Wire Mesh, Vibrating Screen,
Perforated Sheet & Conveyor Belt & Rubber Beading










## HMB Engineering

A-7/89, South Side, G.T. Road Road Ind. Area, Electro Compound, Ghaziabad-201009 (U.P.)
**Tel. : +91-120-4333744**
**Mobile : Mr. Amit : +91-9911399006, 9911702233 & Mr. Sumit : +91-9810907051**
E-mail : hmbmesh@gmail.com, info@screencloth.co.in
**Web. : www.screencloth.co.in, www.hmbengineering.com**

# अभातेयुप प्रतिनिधि संगठन यात्रा

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अपनी शाखा परिषदों की समय–समय पर सार–संभाल यात्राएं आयोजित की जाती है। इस क्रम में दिल्ली परिषद् की गतिविधियों की समीक्षा एवं मार्गदर्शन हेतु दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को अभातेयुप प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण यात्रा सम्पन्न हुई।





इस सार–संभाल यात्रा में अभातेयुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री पवन मांडोत सहित दिल्ली से अभातेयुप प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। उन्होंने आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं निवासरत छात्रों के समग्र विकास हेतु उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया।

प्रतिनिधियों ने परिषद् सदस्यों के साथ विचार–विमर्श कर संगठन की वर्तमान गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। सदस्यों को संगठनात्मक दक्षता, सेवा भावना एवं युवाओं में नेतृत्व विकास को सशक्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

# युवा दिवस

युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के 52वें दीक्षा दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाने हेतु अभातेयुप द्वारा विभिन्न कार्यक्रम निर्देशित किए गए।

## महाश्रमण अभिवंदना

'भक्ति की शाम–ज्योति चरण के नाम'

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा युवा दिवस की पूर्व संध्या पर एक भव्य भजन संध्या ''महाश्रमण अभिवंदना'' का आयोजन दिनांक 10 मई 2025, शनिवार रात्रि 8:00 बजे से रामप्रस्थ, गाज़ियाबाद में किया गया। कार्यक्रम मुनिश्री डॉ अभिजीत कुमारजी एवं मुनिश्री जागृत कुमारजी के सान्निध्य में संपन्न हुआ।

दिल्ली के सुप्रसिद्ध गायक–गायिकाओं श्री मनोज नाहर, श्री जय सिंह दूगड़, श्री धनपत सिंघी, श्री हनुमान नाहटा, श्री पवन श्यामसुखा, श्री मनीष बरमेचा, श्रीमती प्रियंका दूगड़, श्रीमती प्रीति श्यामसुखा, श्रीमती डोली बरड़िया द्वारा पूज्यप्रवर की अभिवंदना में अपनी–अपनी सुमधुर प्रस्तुतियां दी गई। मुनिश्री अभिजीत कुमार जी द्वारा रचित गीतिका 'तेरापंथ गणेश तुम्हारा अभिनंदन', जिसे श्री मनोज नाहर एवं श्री जयसिंह दूगड़ की युगल प्रस्तुति ने मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में तेयुप अध्यक्ष श्री राकेश बैंगाणी, पूर्व अध्यक्ष श्री अशोक संचेती, श्री मनोज नाहर, तथा श्री संजय संचेती सहित विभिन्न संघीय संस्थाओं के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

सांस्कृतिक प्रभारी श्री मनीष बरमेचा, क्षेत्रीय संयोजकों एवं सभी कार्यकर्ताओं का इस भव्य एवं सफल आयोजन हेतु हार्दिक आभार।

## संकल्पों का महाकुंभ

युवा दिवस के अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से परिषद् के सदस्यों द्वारा विभिन्न संकल्पों से पूज्यप्रवर की अभ्यर्थना की गई।

## महाश्रमण आर्ट गैलैरी

युवा दिवस पर अभातेयुप ने अपनी शाखा परिषदों को महाश्रमण आर्ट गैलरी प्रतियोगिता के तहत कलाकृतियां भेजने हेतु आहवान किया। जिसमें तेयुप दिल्ली के श्री जय सेठिया द्वारा भेजी गई कलाकृति को अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। परिषद् की ओर से श्री जय सेठिया को बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।










## सेवा कार्य

तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा मोती नगर स्थित आचार्यश्री भिक्षु हॉस्पिटल में सेवा कार्य के अन्तर्गत हाईजिन संबंधित सामग्री जैसे Hand Wash, Hand Sanitizor, Soap आदि सामग्री उपलब्ध करवाई गई। इस कार्य में अर्थ सहयोग हेतु श्री अजय रांका का हार्दिक आभार।




MANOJ BORAR
9810387366

MUKESH BORAR
9313662366

# JUPITER MARBLES

Your one-stop Solution for High Quality Designer Tiles, Granites, Marbles and Sanitary Wares.

Explore Our Wide Range of High-Quality Products for Your Home or Office.

Plot No. 31, Sector-20
Dwarka Marble Market, New Delhi-110077

# मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव

**जीवन बचाने की एक पुनीत पहल**

'एक बूंद रक्त, एक जीवन की जान
आपके दान से बचती है अनेक की जान।

तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली ने सेवा के क्षेत्र में विविध आयामों में कार्य करते हुए रक्त दान के क्षेत्र में एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। परिषद् द्वारा **"Blood Donation On Call"** तथा रक्त दान शिविरों के माध्यम से न केवल आवश्यकता पड़ने पर रक्त की आपूर्ति की गई, बल्कि समाज में रक्त दान के प्रति जागरूकता भी बढ़ाने की प्रेरणा दी गई।




शिविरों का आयोजन प्रमुख संस्थानों एवं अस्पतालों के सहयोग से हुआ, जिससे संगठनात्मक कार्य को एक नई पहचान मिली। तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली सभी रक्त दाताओं, सहयोगी ब्लड बैंकों, अस्पतालों एवं स्वयं सेवकों को हार्दिक साधुवाद प्रकट करती है, जिनके सहयोग से यह कार्य संभव हो सका। आयाम प्रभारी श्री मनीष महनोत की जागरुकता एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति हार्दिक साधुवाद। विशेष आभार उन समर्पित रक्त दाताओं को, जिन्होंने वर्ष में दो या अधिक बार रक्त दान किया।

## शिविर आयोजन में वर्ष पर्यन्त उदारमना सहयोग हेतु GEONIX के प्रति आभार।




रक्तदान शिविर विवरण


geonix
made to perform
Fastest growing IT Hardware Brand
BLOOD DONATION CAMP




E Bull

RPM POWER

Authorised Distributors North India :

SEG AUTOMOTIVE



DEALS IN ALL KINDS OF E-RICKSHAW SPARE PARTS

**SHOBHA TRADING**

990, Shivaji Street 1 & 2, Naiwala, Karol Bagh, New Delhi-110005

M.: 9811891097 • E-mail : shobhatrading@yahoo.com

पुखराज पियुष विकास सुराणा

तारानगर, बंगाईगांव, दिल्ली

# नेत्रदान

मर कर भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान।

राज्य नेत्रदान प्रभारी व तेयुप नेत्रदान प्रभारी श्री मनीष मालू व परिषद् नेत्रदान प्रभारी श्री पवन नाहर की जागरुकता से आलौच्य वर्ष में तेयुप दिल्ली द्वारा कुल मिलाकर 18 नेत्रदान करवाये गये तदर्थ आभार। आभार उन सभी साथियों और प्रबुद्धजनों का जिन्होनें समय पर सूचनाओं से अवगत कराया। आभार गुरु नानक आई सेंटर, डॉ. श्राफ आई सेंटर और संतोष आई बैंक का जिनका सहयोग परिषद् को निर्बाध रूप से निरंतर प्राप्त हो रहा है

सभी नेत्रदानी पुण्यात्माओं के आध्यात्मिक उन्नति की मंगलकामनाएं और परिवारजनों का हार्दिक आभार। नेत्रदाताओं की सूची इस प्रकार है :–

**स्व. श्रीमती किरण देवी जैन**

**स्व. श्रीमती लक्ष्मी देवी बैंगाणी**

**स्व. भीकमचंद नौलखा**

**स्व. जीवनमल लोढ़ा**

**स्व. श्रीमती चमेली देवी जींद**

**स्व. श्रीमती पुष्पा देवी**

**स्व. प्रेम बोथरा**

**स्व. लक्ष्मण दास अरोड़ा**

**स्व. तेजकरण डागा**

**स्व. श्रीमती संतोष जैन**

**स्व. श्रीमती सरस्वती जैन**

**स्व. श्रीमती अमरलता भूतोड़िया**

**स्व. श्रीमती गुलाब देवी बैंगाणी**

**स्व. श्रीमती भंवरी देवी आंचलिया**

**स्व. विजय सिंह नाहर**

**स्व. श्रीमती इंद्रा बैद**

**स्व. जैनसुख दुगड़**

**स्व. अशोक पटवा**

उल्लेख करते हुए सात्विक गर्व की अनुभूति हो रही है कि दिनांक 6 सितंबर 2024 को संतोष आई बैंक द्वारा नेत्रदान के क्षेत्र में तेयुप दिल्ली को विशिष्ट योगदान के लिए प्रमाण–पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

अभातेयुप द्वारा चलाये गये नेत्रदान पखवाड़ा (15–30 सितंबर 2024) के दौरान तेयुप दिल्ली द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन 16 सितंबर 2024 को मानसरोवर गार्डन मे किया गया। रैली का उद्देशय लोगों को नेत्रदान प्रक्रिया, इसके लाभ और जरूरत की जानकारी देना था। समाज को नेत्रदान के लिए जागरूक करने के लिए नेत्रदान संकल्प पत्र भी भरवाये गए। कुल 393 लोगो ने संकल्प पत्र (**Pledge Form**) भरके नेत्रदान का संकल्प लिया। लोगों को ओर अधिक जागरूक करने के लिए 4 सार्वजनिक स्थलों पर बैनर लगाकर भी नेत्रदान की प्रेरणा दी गई।









## युवा वाहिनी सहभागिता

आचार्य प्रवर की विहार सेवा में तेयुप दिल्ली ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए दिनांक 19, 20 एवं 21 जनवरी 2025 को त्रि–दिवसीय विहार सेवा में सहभागिता रही

– कुल 41.80 KM की विहार सेवा की गई।
– सत्कार चौका में सेवा प्रदान की गई।
– इस दौरान चारित्रात्माओं के दर्शन और सेवा का लाभ भी प्राप्त हुआ।

इस यात्रा में युवा साथियों को गुरूदर्शन एवं सेवा उपासना का लाभ मिला जिससे युवा साथियों में आध्यात्मिक ऊर्जा का लाभ मिला। गुरु दर्शन के साथ युवा साथियों द्वारा निकटतम पर्यटक स्थलों का भी भ्रमण किया गया।













# चारित्रात्माओं के रास्ते की सेवा-उपासना

संघ सेवा में सदैव तत्पर और तैयार रहती है– धर्म संघ की युवा शक्ति। चारित्रात्माओं के दिल्ली –NCR विचरण पर रास्ते की सेवा उपासना के माध्यम से दिल्ली तेयुप के युवा साथियों ने अपना आध्यात्मिक विकास किया साथ ही संघीय दायित्वों को भी सजगता से निभाया। इस वर्ष परिषद् के सदस्यों ने लगभग 1786 किलोमीटर की रास्ते की विहार सेवा का लाभ लिया। सेवा प्रभारी श्री शशांक बैंगाणी की जागरुकता एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति हार्दिक साधुवाद। सेवा उपासना में सहभागी बने युवा साथियों का हार्दिक आभार।



# आचार्य तुलसी डायग्नॉस्टिक सेंटर

तेयुप दिल्ली द्वारा मई 2024 में आचार्य तुलसी डायग्नॉस्टिक सेंटर का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम था, जिसने संगठन के उद्देश्यों को नई दिशा और गति प्रदान की। तब से अब तक, इस सेंटर को सुचारु रूप से चलाने और इसके उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर एवं अथक प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्ष भर में आयोजित किए गए विभिन्न स्वास्थ्य जांच शिविरों और कार्यक्रमों के माध्यम से अत्याधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इन कार्यक्रमों में युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर ने न केवल स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान की हैं, अपितु लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आलौच्य सत्र में विभिन्न स्थानों पर रक्त जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। **ATDC** द्वारा आयोजित विभिन्न रक्त जांच शिविरों की सूची :

| Date | Location | No. of Test |
|---|---|---|
| 16.06.2024 | Anuvrat Bhawan, New Delhi | 30 |
| 02.09.2024 | Green Park | 7 |
| 03.09.2024 | Milansar Apartment, Paschim Vihar | 9 |
| 04.09.2024 | Oswal Bhawan, Vivek Vihar | 14 |
| 05.09.2024 | Terapanth Bhawan, Rohini Sector-5 | 8 |
| 06.09.2024 | Terapanth Bhawan, Shastri Nagar | 23 |
| 07.09.2024 | Khiloni Devi Dharmshala, Pitampura | 16 |
| 22.09.2024 | Terapanth Bhawan, Faridabad | 10 |
| 22.09.2024 | Anuvrat Bhawan, New Delhi | 3 |
| 17.11.2024 | Sadhna Kendra, Chhatarpur, Mehrauli | 11 |

| Date | Location | No. of Test |
|---|---|---|
| 24.11.2024 | Anuvrat Bhawan, New Delhi | 3 |
| 05.01.2025 | Sadhna Kendra, Chhatarpur, Mehrauli | 13 |
| 12.01.2025 | Sadhna Kendra, Chhatarpur, Mehrauli | 4 |
| 02.02.2025 | Anuvrat Bhawan, New Delhi | 2 |
| 04.02.2025 | Anuvrat Bhawan, New Delhi | - |
| 16.02.2025 | Anuvrat Bhawan, New Delhi | 41 |
| 16.02.2025 | Terapanth Bhawan, Faridabad | 30 |
| 10-03.2025 | Terapanth Bhawan, Shastri Nagar | 14 |
| 12.03.2025 | Terapanth Bhawan, Mansarovar Garden | 14 |
| 07.04.2025 | Veer Apartment, Sec 13, Rohini | 13 |









## ATDC नवीन सेन्टर शुभारंभ

परिषद् द्वारा शिवालिक स्थित ATDC सेन्टर की स्थापना के पश्चात् समाज के सभी वर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ उपलब्ध करवाने हेतु ATDC के नवीन सेंटर का शुभारंभ Sparkle Smile Dental Studio, M-30 लाजपत नगर–2 में दिनांक 9 जून 2025 को जैन संस्कार विधि द्वारा किया गया।

जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा दिल्ली के अध्यक्ष श्री सुखराज सेठिया का इस सेन्टर को प्रारंभ करने हेतु विशेष सहयोग प्राप्त हुआ तदर्थ हार्दिक आभार।

ATDC प्रभारी श्री कुशल गदैया एवं सभी युवा साथियों के श्रम हेतु हार्दिक आभार।





KUSUM CABLES
THE SERIES OF
STURDY
& secure
WIRES
AIRSON® CABLES
ALL ROUNDER CABLES
PLEDGE TO SAFETY
FR
PVC INSULATED INDUSTRIAL CABLES
1.0 sq.mm
Our Products Range
House Wires
Power Cables and Control Cables
Submersible Cable
Aerial Bunch Cable
Solar Cable
Instrumentation Cable
Complete Solution
For All Type Industries
25 YEARS OF EXCELLENCE
KUSUM CABLES AND WIRES PVT. LTD.
Add.: M-77, Sector-3, DSIIDC Indl. Area, Bawana, Delhi-110039
+91-9811335676, +91-9873121238
Best Compliments from:
Anand Kumar Kushal Gadhiya
airsoncables.com

# आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल(ATJH)

शिक्षा और आत्म–विकास की दिशा में एक सशक्त पहल

समाज के युवाओं के शैक्षिक, नैतिक और चारित्रिक विकास को समर्पित आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल का शुभारंभ 13 अप्रैल 2024 को अत्यंत मंगलमय अवसर पर सम्पन्न हुआ। यह हॉस्टल न केवल आवासीय सुविधा का केंद्र है, बल्कि यह युवा वर्ग को अनुशासन, अध्ययन और आत्मविकास के लिए एक प्रेरणादायी वातावरण भी प्रदान करता है।

**प्रमुख सुविधाएँ :**

- स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आरामदायक आवासीय कक्ष
- 24 घंटे निर्बाध जल एवं विद्युत आपूर्ति
- सुरक्षा एवं अनुशासन से युक्त शांतिपूर्ण वातावरण
- उत्तम गुणवत्ता से युक्त मेस सुविधा उपलब्ध

शुभारंभ के पश्चात सत्र 2024–25 में हॉस्टल का प्रथम सफल संचालन किया गया। इस प्रारंभिक सत्र में उत्कृष्ट ऑपरेशनल प्लानिंग सुविचारित नियम एवं दिशानिर्देश, और वर्ष भर के संतुलित, अनुशासित एवं सुचारु संचालन ने इसे एक आदर्श छात्रावास के रूप में प्रतिष्ठित किया है।

भवन व्यवस्थापक एवं हॉस्टल प्रभारी श्री मानस बोथरा एवं हॉस्टल प्रभारी श्री गौरव बच्छावत के समर्पण और सुव्यवस्थित प्रबंधन इस पहल की सफलता में अमूल्य रहा है, जिसके लिए हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# जैन संस्कार विधि

जैन संस्कार विधि जैन धर्म में पालन की जाने वाली महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक प्रथाओं का एक समूह है। यह विधि जैन समुदाय के सदस्यों को उनके जीवन के विभिन्न चरणों में धार्मिक और नैतिक मूल्यों को अपनाने और उन्हें अपने दैनिक जीवन में लागू करने में योगभुत बनती है। जैन संस्कार विधि में विभिन्न अनुष्ठान और प्रथाएं शामिल हैं जो जैन धर्म के सिद्धांतों और मूल्यों पर आधारित हैं। यह विधि जैन धर्म के सिद्धांतों और मूल्यों को संरक्षित और प्रचारित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैन संस्कार विधि के पालन से जैन समुदाय के सदस्य अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में मोड़ सकते हैं और आत्म–शांति और आत्म–ज्ञान की अनुभूति कर सकते हैं।

परिषद् द्वारा इस सत्र में कुल 122 कार्यक्रम जैन संस्कार विधि से संपादित किए गए, जिनका विवरण इस प्रकार है :–




दिल्ली के सभी 39 जैन संस्कारक अपनी उल्लेखनीय सेवाएं समाज को प्रदान कर रहे है। समय–समय पर संस्कारकों ने दिल्ली से बाहर जाकर भी जैन संस्कार विधि से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान की है। संस्कारकों द्वारा प्रदान की गई सेवा के फल स्वरूप संस्कारकों एवं परिषद् को वर्षभर में प्राप्त उपलब्धियों का विवरण :–

जैन संस्कार विधि से सर्वाधिक कार्यक्रम संपादित करने पर अभातेयुप द्वारा स्टार परिषद् की उपाधि से सम्मानित किया जाता है। दिल्ली परिषद् द्वारा विराट श्रेणी में प्राप्त स्टार परिषद् के सम्मान की सूची :

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नवंबर | 2024 | : | तृतीय स्थान | दिसंबर | 2024 | : | प्रथम स्थान |
| फरवरी | 2025 | : | प्रथम स्थान | मार्च | 2025 | : | प्रथम स्थान |
| अप्रैल | 2025 | : | द्वितीय स्थान | | | | |

अभातेयुप प्रति माह सबसे अधिक कार्यक्रम संपादित करवाने वाले संस्कारकों को चयनित करती है। इस वर्ष स्टार परफॉर्मर संस्कारकों की सूची :

फरवरी 2025 : श्री संजय खटेड़, श्री प्रदीप संचेती, श्री विमल गुनेचा, श्री सुशील डागा, श्री मनीष बरमेचा

मार्च 2025 : श्री प्रदीप संचेती, श्री सुभाष दुगड़

अप्रैल 2025 : श्री मनीष बरमेचा

आयाम प्रभारी श्री विशाल सुराणा के श्रम हेतु बहुत–बहुत आभार।













# रक्षाबंधन कार्यशाला

तेयुप द्वारा रक्षाबंधन कार्यशालाओं का आयोजन विभिन्न चातुर्मासिक स्थलों पर चारित्रात्माओं के सान्निध्य में किया गया। जैन संस्कारकों ने प्रभावी एवं व्यवस्थित तरीके से रक्षाबंधन किस प्रकार जैन संस्कार विधि से मनाया जाए? का विश्लेषण करते हुए विभिन्न मंगल मंत्रों के उच्चारण एवं सरल डेमो प्रस्तुत किया गया। चारित्रात्माओं ने इस अवसर पर अपना प्रेरक उद्‌बोधन प्रदान किया।

दिनांक : 18 अगस्त 2024

स्थान : तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर
सान्निध्य : 'शासनश्री' साध्वीश्री ललितप्रभा जी ठाणा–3

स्थान : तेरापंथ भवन, पश्चिम विहार
सान्निध्य : साध्वी श्री लब्धिप्रभा जी ठाण–3

स्थान : खिलौनी देवी धर्मशाला, पीतमपुरा
सान्निध्य : साध्वी श्री अणिमा श्री जी ठाणा–5

# दीपावली पूजन कार्यशाला

अभातेयुप के निर्देशन में तेयुप द्वारा दिल्ली के विभिन्न चातुर्मासिक स्थलों पर जैन संस्कार विधि से दीपावली व बही खातों के पूजन की विस्तृत जानकारी समाज को देने हेतु दीपावली पूजन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। संस्कारकों द्वारा इस कार्यशालाओं में दीपावली व बही खातों पूजन का डेमो द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला का आयोजन दिल्ली के 4 चातुर्मासिक स्थलों पर चारित्रात्माओं के सान्निध्य में किया गया। कार्यक्रम में युवा साथियों सहित श्रावक–श्राविका समाज ने उत्सुकता के साथ भाग लिया व इस विधि को समझा तथा यथासंभव अपनाने का संकल्प किया।

दिनांक: 26 अक्टूबर 2024
सान्निध्य: साध्वश्री संगीतश्री जी ठाणा–4,
स्थान: ओसवाल भवन, विवेक विहार

दिनांक: 26 अक्टूबर 2024
स्थान: मानसरोवर गार्डन

दिनांक: 27 अक्टूबर 2024
सान्निध्य: साध्वीश्री लब्धिप्रभा जी ठाणा–3,
स्थान: तेरापंथ भवन, पश्चिम विहार

दिनांक: 28 अक्टूबर 2024
सान्निध्य: 'शासनश्री' मुनिश्री विमलकुमार जी ठाणा–4,
स्थान: तेरापंथ भवन, रोहिणी



# भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला

तेरापंथ धर्म के मौलिक सिद्धान्त व आचार्य भिक्षु के विचारों को समझने के लिये भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन तेयुप दिल्ली द्वारा 2 स्थलों पर किया गया।

दिनांक 27 अक्टूबर 2024
सान्निध्यः 'शासनश्री' साध्वीश्री ललितप्रभाजी ठाणा–3
स्थानः तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर

दिनांक 12 अप्रैल 2025
सान्निध्यः मुनिश्री डॉ. अभिजीत कुमारजी ठाणा–2
स्थानः तेरापंथ भवन, मानसरोवर गार्डन

उपरोक्त कार्यशालाओं में श्रावक समाज को आचार्य भिक्षु के जीवन और आदर्शों के बारे में जानने का सुअवसर मिला। चारित्रात्माओं ने स्वामी जी के दर्शन से संबंधित अनेक नवीन रहस्यों से परिचित करवाया और आचार्य भिक्षु द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतो की विस्तृत व्याख्या की गई। स्वामीजी के दर्शन की गहराई को समझकर अपने आराध्य के प्रति समाज की श्रृद्धा ओर मजबूती हुई।

शास्त्री नगर में आयोजित कार्यशाला में अभातेयुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री पवन मांडोत की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।





# धम्म जागरण

आचार्य श्री भिक्षु की मासिक पुण्य तिथि के अवसर पर तेयुप द्वारा नियमित रूप से भिक्षु धम्म जागरण का आयोजन किया जा रहा है। हर महीने के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के पावन दिन पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न उदयमान गायक–गायिकाओं को महामना आचार्य श्री भिक्षु को भावांजलि देने का सुंदर अवसर मिलता है। सांस्कृतिक प्रभारी श्री मनीष बरमेचा तथा क्षेत्रीय संयोजकों के अथक प्रयासों से यह आयोजन भक्ति मय और संगीतमय बन जाता है। इस नियमित आयोजन के लिए सभी के प्रति हार्दिक आभार और साधुवाद।

दिनांकः 19.07.2024
सान्निध्यः साध्वीश्री लब्धिप्रभाजी ठाणा–3
स्थानः तेरापंथ भवन, पश्चिम विहार

दिनांकः 17.08.2024
सान्निध्यः 'शासनश्री' साध्वीश्री ललितप्रभाजी ठाणा– 3
स्थानः तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर

दिनांकः 16.09.2024
उपस्थितिः 'शासनश्री' मुनिश्री विजयकुमारजी ठाणा–2
स्थानः तेरापंथ भवन मानसरोवर गार्डन

दिनांकः 15.10.2024
सान्निध्यः 'शासनश्री' साध्वश्री संघमित्राजी ठाणा–5
स्थानः गोयल श्रद्धा निवास, ग्रीन पार्क

दिनांकः 14.11.2024
सान्निध्यः साध्वश्री संगीतश्रीजी ठाणा–4
स्थानः ओसवाल भवन, विवेक विहार

दिनांकः 13.12.2024
सान्निध्यः 'शासनश्री'साध्वीश्री ललितप्रभाजी ठाणा–3
एवं साध्वश्री संगीतश्री जी ठाणा–4
स्थानः तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर

दिनांकः 11.01.2025
सान्निध्यः साध्वीश्री लब्धिप्रभाजी ठाणा–3
स्थानः तेरापंथ भवन, रोहिणी

दिनांकः 09.02.2025
स्थानः तेरापंथ भवन, पश्चिम विहार

दिनांकः 10.04.2025
सान्निध्यः साध्वीश्री लब्धिप्रभाजी ठाणा–3
स्थानः वीर अपार्टमेंट, रोहिणी

## TWINKLE INDUSTRIES

Head Office :
TA-65/4, Ist Floor, Tughlakabad Extn.
Near Khana Khazana Restaurant,
Okhla Main Road, New Delhi-110019
Tel. - 011- 4036 5951

## VARSHA TEXTILE

Showroom :
Shop No. 104, Manisha Building,
75-76, Nehru Place, New Delhi-110019
Tel. - 011 - 4504 2876

Email: twinklesind@gmail.com
Website: twinkleind.com

+91 9870466552
+91 9667066552

- Embroidery Fabrics
- Embroidery Laces
- Nylon Laces
- Cotton Laces
- Crochet Laces
- Rayon Laces
- GPO Fabrics
- Lycra Fabrics
- Net Fabrics
- Cotton Fabrics
- Nylon/Polyster Fabrics
- Elastics
- Tapes Ribbons & Dori
- GPO Laces









## तपोयज्ञ

## तप में सहभागित

वर्ष पर्यान्त व मुख्यतः पर्युषण काल में परिषद् के सदस्यों द्वारा त्याग व तपस्या की गई। आलोच्य वर्ष में 35 उपवास, 1 बेला, 7 तेला, 1 चोला, 1 पंचोला, 7 अठाई, 2 नौ दिवसीय तपस्या, 1 ग्यारह दिवसीय तपस्या परिषद् के सदस्यों द्वारा की गई।

## तेरापंथ स्थापना दिवस

दिनांक 21 जुलाई 2024 तेरापंथ स्थापना दिवस के उपलक्ष में सदस्यों ने विभिन्न त्याग प्रत्याखान कर इस तपोयज्ञ में अपनी सहभागिता दर्ज की। 7 उपवास, 4 एकासन, 8 द्रव्य सीमा, 2 रात्रि भोजन जैसे त्याग कर युवा साथीयों द्वारा तेरापंथ स्थापना दिवस का उत्सव मनाया गया।

## एक दिन एक युवक एक उपवास

5 अगस्त 2024 से 8 सितंबर 2024 तक युवा साथियों द्वारा प्रत्येक दिन एक युवक एक उपवास किया गया। व्रत संकल्प साधना में युवा साथियों का उत्साह उल्लेखनीय रहा। इस उपक्रम के तहत युवकों द्वारा 60 उपवास किए गए।

## आचार्य भिक्षु 222 वाँ चरमोत्सव

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के निर्देशन में "अभ्यर्थना – एक क्रांति की" के अंतर्गत तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा दिनांक 16 सितम्बर 2024 मध्य रात्रि से 24 घंटे का अखंड जाप 'ॐ भिक्षु–जय भिक्षु' का किया गया। इसमें परिषद् एवं किशोर मंडल सहित लगभग 70 सदस्यों की सहभागिता रही। साथ ही इस अवसर पर परिषद् के सदस्यों द्वारा उपवास या एकासन का प्रत्याख्यान भी किया गया।

## प्रभु पार्श्व प्रणति

जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्म कल्याण के पावन अवसर पर दिनांक 25 दिसंबर 2024 को अभातेयुप द्वारा निर्देशित प्रभु पार्श्व प्रणति के उपलक्ष में त्याग, तपस्या, उपवास व सामायिक आदि प्रत्याखान से परिषद् के सदस्यों द्वारा प्रभु पार्श्वनाथ जन्म कल्याण का उत्सव मनाया गया।

## छोटे छोटे त्याग-बड़े बड़े पुण्य

आचार्य श्री भिक्षु मासिक त्रयोदशी पर परिषद् के सदस्यों द्वारा त्याग प्रत्याखान किए गए– जैसे नवकारसी, पौरसी, जमीकंद त्याग, द्रव्य सीमा, एकासन, नवकार मंत्र माला आदि। इस क्रम में युवा साथियों की सक्रिय सहभागिता रहती।

तपोयज्ञ प्रभारी श्री प्रवीण बैद की सक्रियता एवं अथक प्रयासों से सभी कार्य संपादित हुए। उनके कर्तव्य निष्ठा के प्रति हार्दिक साधुवाद। सभी तपस्वी युवा साथियों के तप की अनुमोदना करते हुए उनके आध्यात्मिक विकास की मंगलकामना।

## मीडिया रिर्पोटिंग

परिषद् द्वारा संपादित सभी कार्यक्रमों की जानकारी अभातेयुप के साथ–साथ सम्पूर्ण श्रावक समाज को मिल सके इस हेतु सुचारू रिर्पोट तैयार कर साप्ताहिक मुख पत्र तेरापंथ टाइम्स व जैन तेरापंथ न्यूज चैनलों के माध्यम से प्रेषित करने का कार्य किया गया। रिर्पोटिंग प्रभारी श्री अक्षय खटेड़ के अथक श्रम हेतु आभार।




## Confident Public Speaking (CPS)

आचार्य श्री तुलसी का स्वप्न था कि समाज का प्रत्येक युवक न केवल अपने व्यक्तित्व का स्वांगींण विकास करे, बल्कि संघ की परंपराओं को भी जाने और समझे। संघ के युवाओं में सेवा, संस्कार एवं संगठन के त्रि–आयामी उद्देश्यों के सपनों को साकार करने की भावना जागृत हो। चारित्रात्माओं के प्रवचन और उनकी उद्बोधन कला से जहां श्रावक समाज लाभान्वित हो रहा है, वहीं हर युवक भी अपनी वक्तव्य शैली को निखारकर एक श्रेष्ठ वक्ता बनें। यही आचार्य श्री तुलसी की अभिलाषा थी।

इसी उद्देश्य को मूर्तरूप देने हेतु अभातेयुप के तत्वावधान में उसकी शाखा परिषदों द्वारा **"CONFIDENT PUBLIC SPEAKING" ( CPS )** का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं के वाक्क कौशल को निखारने, मंच पर आत्मविश्वास से बोलने की क्षमता विकसित करने तथा उनके भीतर के **Stage Fear** को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। **CPS** युवाओं को न केवल वक्तृत्व–कला में दक्ष बनाता है, बल्कि उन्हें संघ एवं संघपति के प्रति समर्पण भाव से ओत–प्रोत कर संगठनात्मक सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए भी प्रेरित करता है।

अभातेयुप के निर्देशन में आलौच्य वर्ष में तेयुप दिल्ली द्वारा **6 CPS** कार्यशालाओं का आयोजन 3 क्षेत्रों रोहिणी , मानसरोवर गार्डन, शाहदरा में किया गया। तेयुप दिल्ली विश्व की पहली परिषद् बनी, जिसने एक माह में 6 **CPS** कार्यशालाओं का आयोजन किया। कार्यशालाओं में 178 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें 139 प्रतिभागी **CPS** ग्रेजुएट बने। कार्यशाला में युवा साथियों एवं किशोरों के साथ–साथ समाज के प्रत्येक वर्ग ने प्रतिभागी बनकर भाग लिया। इन कार्यशालाओं के माध्यम से सभी प्रतिभागियों में नई ऊर्जा का सांचार हुआ। कार्यशाला में पधारे सभी प्रशिक्षकों के समर्पण एवं प्रशिक्षण कौशल के प्रति साधुवाद एवं आभार। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं सुनियोजित ढंग से आयोजन करने हेतु सभी कार्यशाला संयोजक, सह–संयोजक एवं सभी युवा साथियों का हार्दिक आभार। सभी आर्थिक उदारमना दानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार जिनके सहयोग से कार्यशालाओं का संचालन सम्यक् रूप से हो पाया। सभी कार्यशालाओं के दीक्षांत समारोह में धर्म संघ की संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित श्रावक–श्राविकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही।











कार्यशाला– 1 & 2

दिनांक : 21 से 27 अप्रैल 2025

स्थान : तेरापंथ भवन, रोहिणी

समय : प्रातः 6:30 – 9:30 बजे (**1st** कार्यशाला)
सायं 6 – 9 बजे (**2nd** कार्यशाला)

प्रतिभागी संख्या : 62

स्नातक संख्या : 44

अध्यक्षता : श्री अमित सेठिया (संगठन मंत्री, अभातेयुप)

प्रशिक्षक : श्री अविनाश दक, श्री आदित्य मांडोत,
श्री महावीर भटेवरा

कार्यशाला संयोजक : श्री सौरभ जैन, श्री मनीष महनोत

प्रायोजक : श्री कृष्ण कुमार जैन
श्री उत्तम चंद नितेश छाजेड़ (**Topall Impex**)

सह–प्रायोजक : श्री विमल विवेक विनीत महनोत
(**Robot Mining Equipments Private Limited**)

स्थान प्रदाता : श्री जैन श्वेताम्बर तेरपंथी सभा, रोहिणी























कार्यशाला : 3 & 4
दिनांक : 12 से 18 मई 2025
स्थान : तेरापंथ भवन, मानसरोवर गार्डन
समय : प्रातः 6:30–9:30 बजे (**3rd** कार्यशाला)
सायं 6–9 बजे (**4th** कार्यशाला)
प्रतिभागी संख्या : 49
स्नातक संख्या : 45
अध्यक्षता : श्री रमेश डागा (अध्यक्ष, अभातेयुप)
प्रशिक्षक : सुश्री निधि सालेचा, श्रीमती डिंपल सियाल, श्रीमती मनीषा सेठिया
कार्यशाला संयोजक : श्री निखिल भूतोड़िया, श्री निखिल भंसाली
कार्यशाला सह–संयोजक : श्री देवराज बैद
प्रायोजक : समाज भूषण श्री मांगीलाल सेठिया
श्री प्रवीण वरुण डूंगरवाल
स्थान प्रदाता : श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, मानसरोवर गार्डन





















कार्यशालाः 5 & 6

दिनांक : 26 मई – 1 जून 2025

स्थान : ओसवाल भवन, विवेक विहार

समय : प्रातः 6:30 – 9:30 बजे (5th कार्यशाला)

सायं 6 – 9 बजे (6th कार्यशाला)

प्रतिभागी संख्याः 48

स्नातक संख्याः 45

अध्यक्षता : श्री अमित नाहटा (महामंत्री, अभातेयुप)

प्रशिक्षक : श्री रजत संचेती, श्री जिनेश जैन,
श्री दिनेश मरोठी (CPS राष्ट्रीय प्रभारी)

कार्यशाला संयोजकः श्री पवन बैद, श्री विकास डागा

कार्यशाला सह–संयोजकः श्री पवन नाहर, श्री भव्य बैंगाणी

प्रायोजकः श्री तेजकरण अमित सुराणा, श्री कंवरलाल सुशील सिपानी,
श्री आनंद कुमार कुशाल गदैया

स्थान प्रदाताः ओसवाल समाज











TYP DELHI




OSWAL SAMAJ
तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली


Prestige Homz
Builder | Promoter | Consultant
For Delhi, Noida, Ghaziabad, Tronica City
Industrial Plots : Baghpat, Dasna, Noida & Greater Noida
Sale
Purchase
Rent
Construction
Collaboration
Ashok Sancheti
9810116283
Deepanshu Sancheti
9873546691
Head Office : Shop : 13 & 14, B-Block Market, Surya Nagar, Ghaziabad, (UP)
Branch Office : 9/106, Shastri Gali, Vishwas Nagar, Delhi-32

# अनुभव स्वर प्रतिभागियों के

An absolute marvel. Kabhi socha nahi tha itni learning ho sakti hai with full of mauj masti. Apne dharamsangh mein itni achi karyashala hai CPS ki agar kisiko thodi si bhi hichkichahat ho bolne mein toh they can overcome it and see their own growth.

~ Mudit Shamsukha 9:59 pm

---

CPS कार्यशाला एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। सिर्फ सात दिनों में एक परिवार बन गए—भावनाओं, अनुभवों और आत्म-खोज की डोर से जुड़े हुए। इस कार्यशाला ने न केवल आत्मविश्वास में वृद्धि की, बल्कि यह भी सिखाया कि व्यक्तित्व विकास किसी आयु, लिंग या पृष्ठभूमि का मोहताज नहीं होता।

CPS की सबसे बड़ी खूबसूरती इसकी समावेशिता और संवेदनशीलता है, जो हर प्रतिभागी को उसकी संपूर्णता के साथ स्वीकार करती है। मुझे विश्वास है कि इस कार्यशाला की सीख हम सभी प्रतिभागियों के साथ हमेशा रहेगी।

पवन नाहर 6:38 pm

---

**Outstanding Learning Experience at CPS Classes!**

CPS Classes truly stand out for their commitment to public speaking excellence and growth. The faculty is not only highly knowledgeable but also incredibly supportive, making concepts easy to understand. Their teaching methods are interactive, up-to-date, and focused on real understanding rather than rote learning.

Special thanks to TYP Delhi team and both Syojak Pawan Ji Baid and Vikas Ji Daga 6:30 pm

Vinay linga 6:30 pm

---

तेरापन्थ युवक परिषद् में मैं पिछले कुछ वर्षों से जुड़ा हुआ हूं और अनेक कार्यक्रम का हिस्सा लेने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है पर मुझे अहसास नहीं था कि CPS जैसा कोई जादुई आयाम भी ABTYP के पिटारे में है और मुझे इसका हिस्सा बनने का मौका मिला इसके लिए मैं अपने साथियों और TYP DELHI का साधुवाद देना चाहुंगा जिनकी वजह से मुझे इस जीवन में जादुई परिवर्तन लाने वाले आयाम में भाग लेने का मौका मिला साथ ही मैं उम्र भर आभारी रहूंगा हमारे तीनों ट्रेनर्स का जिनकी निस्वार्थ मेहनत और मोटिवेशन से मेरे जीवन में करिश्माई बदलाव आए।

मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे तेरापन्थ जैसा धर्मसंघ और करूणानिधान गुरुवर महाश्रमण जैसे संघपति मिले।

राजीव बैंगानी 3:40 pm

---

CPS course का मेरा अनुभव बहुत ही यादगार रहा और इसका credit जाता है हमारे सभी Super Trainers को जिन्होनें बहुत ही सरल और प्रेरणादायक तरीके से हमें guide किया। इन sessions ने मुझे अपने विचारों को स्पष्ट, सशक्त और निश्चिंत तरीके से व्यक्त करने का विश्वास दिया। Thank you ABTYP, Team TYP Delhi for giving us a chance to this incredible journey from
I CAN'T TO I CAN..!!

Akshay Khater 2:25 pm

---

I had a great time in CPS. Got to learn so much about Public speaking from our very dedicated and experienced 3 mentors. All 3 of them made the classes fun and enjoyable. CPS made me learn things that were never taught in School and colleges. It made me comfortable with stage, with mic and with audience. I am forever grateful for this opportunity and this experience.
Thankyou so much TYP

~ Srishti Jain 7:28 am

---

CPS is an amazing program to learn the art of the public speaking. we not only became confident speakers but also learn the significance of the various components like eye contact, gestures, voice modulation and the concept of formal speeches. it was an enriching experience special thanks to TYP for organizing this event and thanks to the trainers for imparting knowledge and wisdom and making as a better speaker in just 6 days.
-Mohit parakh 11:40 pm

---

Taking the confident public speaking course has been a game-changer in my personal development. Before the course, I often struggled with anxiety and self-doubt when speaking in front of groups. My voice would tremble, my thoughts would scatter, and I'd rush through my message just to get it over with. The biggest shift was in my mindset—from fearing public speaking to seeing it as an opportunity to connect and share and how to keep an audience interested through storytelling and interaction.

~ Jyoti Shamsukha 9:59 pm

---

**कहने का ढंग जरूरी है, ढंग से कहने के लिए**

CPS ने दिखा भी दिया और सीखा भी दिया जीवन को अच्छे से जीने का तरीक़ा, कैसे बने व्यवहारिक, कैसे पैदा करे ख़ुद में आत्मविश्वास ।

मैं उम्र भर आभारी रहूंगा हमारे तीनों ट्रेनर्स का जिन्होंने ने अथक परिश्रम करके निस्वार्थ भाव से हम सबको इस ढंग से निखारा है कि जीवन में कितनी भी कठिनाई आ जाए हम घबराएंगे नहीं।

साधुवाद ABTYP का जिन्होंने कुछ अलग हट के CPS जैसे आयाम को समाज तक पहुंचाया।
आभार TYP DELHI के अध्यक्ष श्री राकेश जी बैंगानी एवं समस्त टीम का जिनकी कार्यक्षमता एवं सूझबूझ से CPS जैसी कार्यशाला दिल्ली में आयोजित हुई ।।

सौरभ जैन 10:06 pm

---

It was very nice experience. As i was someone who have no idea how to speak or handle crowd but after CPS, I have this confidence that i can speak well in crowd. Thankyou so much.

Thankyou so much to our amazing trainers, Adithya sir, Avinash sir and Mahaveer sir.

And a big Thanks to TYP Delhi for giving me this opportunity to enhance myself.

-Khushi Bothra 9:26 pm

---

कौन-सी बात कहाँ, कैसे कही जाती है

ये सलीक़ा हो, तो हर बात सुनी जाती है

तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित कोन्फिडेन्ट पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला ने हमें अपने ही भीतर छिपी प्रतिभाओं एवं क्षमताओं से अवगत कराया।
अपनी बात को हम और कितने प्रभावशाली एवं तथ्यात्मक रूप से रख सकते हैं यह हमें सी॰पी॰एस॰ के उपक्रम से समझने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मैं यह मंगलकामना करता हूं कि आने वाले समय में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद एवं तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली इस प्रकार के और भी कार्यक्रम का आयोजन समयांतर करते रहेंगे।

प्रवीण बैद

---

CPS कार्यशाला का सफल आयोजन - कुशल वक्ताओं की नई खेप तैयार।

निश्चय ही समाजोपयोगी व सम-सामयिक आवश्यक विषय के लिए किया गया यह आयोजन तेयुप की कार्यशैली और सर्वस्वीकार्यता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा ! यह आशा और मंगलकामना है । अभातेयुप व तेयुप दिल्ली को हार्दिक साधुवाद। 2:34 pm

manoj ji Borar 2:34 pm

## सरगम

अभातेयुप का विशिष्ट आयाम है– सरगम जिसमें गायन के छेत्र में समाज की उभरती हुई प्रतिभाएं अपनी गायन कला प्रस्तुत करती हैं। विगत में दिल्ली के अनेक गायक–गायिकाओं को सरगम में भाग लेने का अवसर मिला तथा सरगम विजेता एवं उप विजेता भी बने। सरगम 2025 में दिल्ली से 2 टीम **(दिल्ली स्वर संगिनी, तरंगिनी)** ने सरगम का ऑडिशन दिया तथा क्वार्टर फाइनल में चयनित हुई तथा प्रतिवेदन लिखें जाने तक टीम तरंगिनी ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीम को तेयुप दिल्ली की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं।

## फिट युवा-हिट युवा

एक कदम स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में

'निरोगी युवा समृद्ध समाज की पहचान है'– इसी उद्देश्य को लेकर तेयुप द्वारा फिट युवा हिट युवा आयाम का संचालन किया जाता है। इस आयाम के अंतर्गत युवाओं को योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान आदि को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे वे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बन सकें। आलौच्य वर्ष में तेयुप द्वारा विभिन्न स्थानों पर इस आयाम के तहत फिट युवा –हिट युवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयाम प्रभारी श्री मुदित श्यामसुखा के श्रम हेतु साधुवाद।

**60 साल बेमिसाल के अंतर्गत:**
दिनांक: 28 जुलाई 2024
स्थान: तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर

दिनांक: 2 मार्च 2025
स्थान: तालकटोरा गार्डन

दिनांक: 7 अप्रैल 2025
स्थान : जापानी पार्क ,रोहिणी











## सामाजिक उत्सवों पर तेयुप स्टॉल का संचालन

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा आलोच्य वर्ष में दिल्ली में आयोजित विभिन्न उत्सवों पर जैसे दीपावली मेला, होली मंगल मिलन समारोह में स्टॉल लगाए गए। जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन को मज़बूत करने के लिए सदस्यता अभियान तथा समाज को तेयुप द्वारा संचालित विभिन्न आयामों की समुचित जानकारी देना था। इन स्टॉलों के संचालन में तेयुप के युवा साथियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ, सभी के प्रति आभार।







## सदस्यता अभियान

संगठन की शक्ति–युवाओं की भागीदारी

किसी भी संस्था की प्रगति में उसकी सदस्यता ही उसकी जीवंत शक्ति होती है। तेरापंथ युवक परिषद् को सतत विकास की ओर अग्रसर करने में परिषद् के युवा साथियों ने अपनी कर्मजा शक्ति का सम्यक् उपयोग किया है। इन युवाओं के समर्पण और सेवा भावना के बल पर संस्था नई ऊँचाइयों का आरोहण कर रही है।

### संगठनात्मक जागरूकता और आह्वान:

संघ प्रभावना को समृद्ध करने और सेवा कार्यों में सक्रियता बढ़ाने हेतु हमारा दायित्व है कि 21 से 45 वर्ष की आयु के प्रत्येक तेरापंथ युवक को परिषद् से जोड़ा जाए। सदस्यता केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह संगठनात्मक दायित्व, समाज सेवा और आध्यात्मिक उत्थान की ओर पहला कदम है।

| | | |
|---|---|---|
| 2023–24 के आधार पर प्राप्त आजीवन सदस्य सूची | : | 1272 |
| आलौच्य वर्ष में सदस्यता मुक्त (45 वर्ष) सदस्य | : | 76 |
| परिषद् से परिसिमन गांधी नगर क्षेत्र सदस्य | : | 312 |
| आलौच्य वर्ष 2024–25 में आजीवन सदस्य बनें | : | 38 |
| कुल आजीवन सदस्य | : | 922 |





## जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ संदेश

परिषद् के सभी सदस्यों को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ संदेश व्यक्तिगत एवं कार्यकारिणी समूह में प्रेषित करने का क्रम निरंतर संचालित किया जा रहा है, जिससे सदस्यों में आपसी समन्वय तथा प्रमोद भावना वृद्धिगंत हुई। आलौच्य वर्ष में परिषद् के ऊर्जावान संगठन मंत्री श्री करूण सेठिया ने दायित्व का सजगता के साथ निर्वहन किया तदर्थ हार्दिक साधुवाद।

## ज्ञानशाला संचालन



भावी पीढ़ी कैसे सुसंस्कारी बने, उनमें संस्कारों के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण उपक्रम है ज्ञानशाला। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली द्वारा संचालित तथा तेयुप एवं समस्त तेममं के सक्रिय सहयोग से वर्तमान में दिल्ली में 13 विभिन्न स्थानों पर ज्ञानशालाओं का संचालन सुव्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। तेयुप के युवा साथियों द्वारा ज्ञानशालाओं में व्यवस्था संबंधी दायित्वों का भी निर्वहन सक्रियता एवं जागरूकता से किया जा रहा है।

दिल्ली ज्ञानशाला प्रभारी श्री मनोज गंग एवं समस्त ज्ञानशाला सह प्रभारियों के समर्पण एवं निष्ठा हेतु सभी का साधुवाद।









## कौन बनेगा चेंपियन KBC

आचार्य श्री भिक्षु के 300वें जन्मदिवस पर अभातेयुप द्वारा आयोजित **KBC** में तेयुप दिल्ली से 70 प्रतिभागी सहभागी बन रहें हैं। प्रतियोगिता का प्रथम चरण दिनांक 1 जून 2025 को, द्वितीया चरण दिनांक 8 जून 2025 को व तृतीय चरण दिनांक 15 जून 2025 को ऑनलाइन माध्यम आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता का अंतिम चरण दिनांक 22 जून 2025 तथा **Quater** फाइनल दिनांक 29 जून 2025 को ऑनलाइन माध्यम से आयोज्य है। **KBC** का सेमी फाइनल व फाइनल दिनांक 20 जुलाई 2025 को अहमदाबाद में आयोजित होगा। सभी प्रतिभागियों के प्रति शुभकामनाएं।

## आचार्य महाप्रज्ञ पार्क

प्रेक्षा प्रणेता युग प्रधान आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में विवेक विहार डी–ब्लॉक स्थिति तीन एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले आचार्य श्री महाप्रज्ञ पार्क को संयुक्त रूप से तेयुप व टीपीफ द्वारा संचालित किया जा रहा है। तेयुप कार्यकर्ताओं द्वारा समय–समय पर पार्क की देख–रेख की जा रही है। सभी के श्रम हेतु साधुवाद।

## पारस्परिक संवाद

परिषद् सभी सदस्यों के बीच आपसी संपर्क एवं गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से व्हाट्सएप ग्रुप का संचालन भी परिषद् द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

## कार्यकारिणी बैठकें

परिषद् के त्रि–आयामी उद्देश्यों की प्राप्ति, सदस्यों के बीच आपसी समन्वय, विचारों के आदान–प्रदान तथा सामूहिक संघीय कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से समय–समय पर कार्यसमिति की बैठकें आयोजित की जाती हैं। आलोच्य वर्ष में कार्यकारिणी की कुल आठ (8) बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें परिषद् की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का निर्धारण एवं क्रियान्वयन किया गया। परिषद् के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा गति प्रदान करने के लिए समय–समय पर प्रबंध मंडल की बैठकों का भी आयोजन किया गया। इन बैठकों के माध्यम से संगठनात्मक कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के साथ–साथ भविष्य की योजनाओं को मूर्त रूप देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।



## गुरुदेव के चातुर्मास अर्ज हेतु दिल्ली सभा के संघ में सहभागिता

युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रम जी की कृपा दृष्टि दिल्ली पर सदैव बनी रहती है। गुरुदेव के दिल्ली में चातुर्मास अर्ज हेतु दिल्ली सभा का एक संघ गुरुदर्शन हेतु दिनांक 28 सितंबर 2024 को सूरत गया। संघ में तेयुप सदस्यों की सहभागिता रही। दिल्ली सभा द्वारा तेयुप को विभिन्न दायित्व जैसे यातायात व्यवस्था में सहयोग, रैली में व्यवस्था संबंधी सहयोग करने का दायित्व दिया गया। तेयुप के कर्मठ युवा साथियों द्वारा इन व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग दिया गया। सभी युवा साथियों के श्रम हेतु हार्दिक आभार। हम दिल्ली वाले भाग्यशाली रहे कि गुरुदेव ने महती कृपा कर सन् 2027 का चातुर्मास दिल्ली को प्रदान किया है।

## दिल्ली सभा एवं क्षेत्रीय सभाओं में प्रतिनिधित्व

गणाधिपति पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री तुलसी तेरापंथ युवक परिषद् को कार्यकर्ताओं की फैक्ट्री कहां करते थे। आज हम गौरव के साथ कह सकते हैं की दिल्ली सभा हो या क्षेत्रीय सभा प्रत्येक स्थान पर परिषद् के भूतपूर्व सदस्य तो सक्रिय हैं ही साथ ही वर्तमान के सदस्य भी विभिन्न संस्थाओं में प्रतिनिधित्व करते हुए पूर्ण सजगता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कुशलता से कर रहे हैं। सभी के शुभ भविष्य हेतु मंगलकामनाएँ।

## संघीय कार्यक्रम में सहभागिता

तेरापंथ धर्म संघ में दिल्ली का महत्वपूर्ण स्थान है। यहां की सभी संघीय संस्थाएं समय–समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। सभी महत्वपूर्ण संघीय कार्यक्रमों में तेयुप दिल्ली की सक्रिय भूमिका रहती है। सभी स्थानीय सभा संस्थाओं के साथ तेयुप के सदस्य हर आयोजन में पूर्ण जागरुकता एवं निष्ठा के साथ अपने दावित्व का सम्यक् नियोजन करते है।

## श्रद्धांजलि

आलौच्य सत्र में कई चारित्रात्माएँ मोक्ष पथ पर अग्रसर होते हुए देवलोक हुए। साथ ही समाज के भी कई श्रावक–श्राविकाओं का देहावसान हुआ। सभी दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धा–सुमन अर्पित करते हुए उनके आध्यात्मिक विकास की मंगलकामना।

## कृतज्ञोऽस्मि :

सर्वप्रथम अंनत–अंनत कृतज्ञता स्वप्नदृष्टा गणाधिपति पूज्य गुरूदेव श्री तुलसी के प्रति जिनका भविष्यात्मक दृष्टि की निष्पति है तेरापंथ युवक परिषद्। स्मरण एवं नमन युगदृष्टा, युगसृष्टा, वितराग तुल्य आचार्यश्री महाप्रज्ञ जी को जिन्होंने इस संगठन को अपना वात्सल्य एवं पथ दर्शन प्रदान किया।

हम तो निमित्त मात्र हैं। संगठन में जो भी कार्य हुए है, हो रहे हैं, वे पूज्यप्रवर आचार्यश्री महाश्रमणजी की महत्ती कृपा एवं दिव्य आशीर्वाद का ही परिणाम है। पूज्य चरण में अनंत अनंत कृतज्ञता। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी, मुख्य मुनि व साध्वीवर्या जी के प्रति जिनका पाथेय एवं दिशा–निर्देश हमें निरंतर प्राप्त हुआ।

परिषद् कार्यकर्त्ताओं को सतत् प्रेरणा एवं प्रोत्साहन हेतु तेयुप के अध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनि श्री योगेशकुमारजी के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। कृतज्ञता समस्त चारित्रात्माओं के प्रति जिनका पावन सान्निध्य प्रेरणा एवं मार्ग दर्शन परिषद् कोसमय–समय पर निरंतर प्राप्त हो रहा है।

## सहयोग

तेयुप दिल्ली के विभिन्न कार्यक्रमों के संपादन हेतु अनेक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग निरंतर प्राप्त हुआ। परिषद् गतिविधियों के संचालन हेतु अणुव्रत भवन एवं आध्यात्म साधना केंद्र में स्थान की उपलब्धता कराने हेतु अणुव्रत न्यास के प्रबंध न्यासी श्री के. सी. जैन एवं प्रभारी न्यासी श्री शांति कुमार जैन के प्रति हार्दिक आभार।

तेरापंथ भवन (महरौली), ओसवाल भवन (शाहदरा), गोयल आस्था भवन (शालीमार बाग), गोयल श्रद्धा भवन (ग्रीन पार्क), तेरापंथ भवन (रोहिणी), तेरापंथ भवन (मॉडल टाऊन), तेरापंथ भवन (मानसरोवर गार्डन), तेरापंथ भवन (पश्चिम विहार) और तेरापंथ भवन (शास्त्री नगर) द्वारा स्थानों की उपलब्धता कराने हेतु संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं व्यवस्था समितियों का हार्दिक धन्यवाद।

## क्षमायाचना

क्षमायाचना करबद्ध अंतः करण से क्षमायाचना करता हूँ, पूज्यप्रवर से अगर उनके इंगित में आराधना नहीं कर पाया हुँ। विगत वर्ष के दौरान दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं से क्षमा याचना यदि मेरे द्वारा कोई अभिनय हुआ हो अथवा परिषद् दृष्टि के अनुरूप कार्य नहीं कर पायी हो।

यूं तो आप सभी ने मेरी प्रत्यक्ष या परोक्ष गलतियों को विस्तृत कर दिया होगा फिर भी युवा साथियों सहित समाज के हर वर्ग से क्षमा प्रार्थी हूँ यदि आपके आशानुरूप कार्य न कर पाया हो या मेरे किसी व्यवहार से आपके ह्रदय को ठेस पहुँची हो।

## आभार

तेयुप दिल्ली, अभातेयुप की शाखा परिषदों में विशिष्ट परिषद् है। लगभग 5000 तेरापंथी परिवारों के युवाओं की प्रतिनिधि संस्था के रूप में सतत् सक्रिय है – तेयुप दिल्ली। ऐसी गतिशील एवं विशिष्ट संस्था का मंत्री पद जहां एक ओर सात्विक गौरव संचार करता है, वहीं दूसरी ओर गहन कर्तव्यबोध का स्मरण भी कराता है। मैं अंतःकरण से आभारी हूँ परिषद् के कर्मठ अध्यक्ष श्री राकेश बैंगाणी का जिन्होंने मुझ पर विश्वास कर इस गौरवशाली संस्था के मंत्री पद का महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया। मैंने सदैव यह प्रयत्न किया कि आपकी कुशल नेतृत्व–छाया में, आप द्वारा प्रदत्त उत्तरदायित्व का निर्वहन पूर्ण जागरूकता, निष्ठा एवं समर्पण भाव से कर सकूं। आपका सतत् मार्गदर्शन, आत्मीय स्नेह एवं प्रेरक विश्वास ही मेरे प्रत्येक कार्य को निष्पादित करने में प्रेरक शक्ति सिद्ध हुआ।

मैं आभारी हूँ कल्याण परिषद् के संयोजक श्री के. सी. जैन एवं विकास परिषद् के सम्मानीय सदस्य अजातशत्रु समाजभूषण श्री मांगीलाल सेठिया का जिनका वरदहस्त हमेशा परिषद् पर रहा। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली के अध्यक्ष युवकरत्न श्री सुखराज सेठिया के प्रति हार्दिक आभार जिनका सहयोग परिषद् को निरंतर प्राप्त हुआ। अभातेयुप अध्यक्ष श्री रमेश डागा, महामंत्री श्री अमित नाहटा एवं शाखा प्रभारी श्री अंकुर लूणिया द्वारा प्रदत्त सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु हार्दिक आभार।

परिषद् के परामर्शक श्री संजय खटेड़, श्री इंद्र बैंगाणी, श्री अशोक संचेती, श्री संदीप डूंगरवाल, श्री गजेंद्र दुधेड़िया, श्री मनोज बोरड़, श्री कमल गांधी के प्रति विशेष आभार व्यक्त करता हूँ, जिनका परामर्श समय–समय पर परिषद् को प्राप्त हुआ। संघीय समाचारों के साप्ताहिक मुखपत्र अखिल भारतीय तेरापंथ टाइम्स ने दिल्ली परिषद् के कार्यक्रमों को प्रकाशन में समुचित स्थान दिया, तदर्थ आभार।

हमेशा की भांति परस्पर सहयोग एवं सहभागिता की प्रेरक भावना के साथ दिल्ली क्षेत्र की समस्त तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति ट्रस्ट एवं समस्त क्षेत्रीय सभाओं ने एक–दूसरे के आयोजनों में सक्रिय सहभागिता निभाई। उन सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित पूरी टीम के प्रति अंतःकरण से हार्दिक आभार एवं साधुवाद व्यक्त करता हूँ।

दिल्ली के श्रद्धालु श्रावक समाज का भी हृदय से अभिनंदन करता हूँ, जिन्होंने परिषद् के विविध कार्यों एवं आयोजनों में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से सहभागिता प्रदान कर संस्था को सशक्त आधार प्रदान किया।

परिषद् द्वारा संपादित विविध महत्त्वपूर्ण आयोजनों में उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले समस्त अर्थ अनुदानदाताओं के प्रति भी मैं हार्दिक आभार ज्ञापित करता हूँ, जिनके सहयोग से अनेक आयोजनों का सफलता पूर्वक संचालन संभव हो सका।

मैं प्रति क्षण, अंतःकरण से आभार ज्ञापित करता हूँ अपने पूज्य पिताजी श्री राजेंद्र लोढ़ा एवं माताजी श्रीमती गुलाब देवी लोढ़ा के प्रति, जिनके द्वारा बाल्यकाल से ही सेवा, संस्कार एवं समर्पण का बीजारोपण किया गया। उन्होंने संघ एवं संघपति के प्रति अटूट निष्ठा एवं समर्पण भाव से जुड़ाव की प्रेरणा प्रदान की, जो आज भी मेरे समस्त कार्यों का पथप्रदर्शन करती है।

मेरे जीवनपथ में सदैव सहयोगी एवं प्रेरक बने मेरे अग्रज भ्राता श्री पुखराज लोढ़ा एवं श्री रतन लोढ़ा, साथ ही मेरे समस्त परिवारजन एवं आत्मीय मित्रवृंदों के प्रति भी मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ, जिनके सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा ने मेरे कार्यों को नई ऊर्जा प्रदान की।

मैं विशेष रूप से अपनी धर्मपत्नी श्रीमती चेतना लोढ़ा के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके निरंतर सहयोग के बिना यह उत्तरदायित्व सहज रूप से निर्वहन करना संभव न था।






# शुभाशंसा

मैं परिषद् के सम्माननीय उपाध्यक्ष (प्रथम) श्री सुनील छाजेड़ एवं (द्वितीय) श्री मुकेश छाजेड़, सह मंत्री (प्रथम) श्री शुभम जिंदल एवं (द्वितीय) श्री चंद्रसेन श्यामसुखा, कोषाध्यक्ष श्री अमित मिन्नी, संगठन मंत्री श्री करुण सेठिया एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया के प्रति हार्दिक आभार। इन सभी का योगदान न केवल प्रेरणास्पद रहा, बल्कि उन्होंने हर कठिन समय में मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिषद् की गरिमा और कार्यक्षमता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अहम् भूमिका निभाई। इनके द्वारा प्रदत्त सहयोग को मैं कभी भी विस्मृत नहीं कर सकता। यह केवल एक संगठनात्मक सहयोग नहीं, बल्कि एक आत्मीय समर्थन था, जो हर पल मेरा संबल बना।

तेयुप दिल्ली एक राज्य स्तरीय परिषद् है और इस वृहद क्षेत्र में परस्पर संपर्क और संवाद का सशक्त माध्यम बनते हैं विभिन्न क्षेत्रों के क्षेत्रीय संयोजक। क्षेत्रीय संयोजक श्री पवन बांठिया, श्री प्रदीप चौरड़िया, श्री पुनीत गिड़िया, श्री अरिहंत जैन, श्री अरुण बुच्चा, श्री जितेन्द्र दुगड़, श्री नवीन जैन, श्री सूचित फूलफगर, श्री शेखर दुगड़, श्री विशाल पगारिया, श्री पारस गोलछा, व श्री अजय बैद एवं सभी क्षेत्रीय सह– संयोजकों ने अपने दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

विभागीय प्रभारी श्री वर्धमान बांठिया, श्री मनोज गंग, श्री विशाल सुराणा, श्री मनीष महनोत, श्री मुदित श्यामसुखा, श्री कुशाल गदैया, श्री अमित खटेड़, श्री मनीष मालू, श्री पवन नाहर, श्री सौरभ कोठारी, श्री अक्षय खटेड़, श्री प्रवीण बैद, श्री निलेश बैद, श्री मनीष नाहर, श्री शशांक बैंगानी, श्री पवन श्यामसुखा, श्री मनीष बरमेचा सहित सभी सह–प्रभारियों, सह–संयोजकों एवं ज्ञानशाला के क्षेत्रीय संयोजकों तथा किशोर मंडल संयोजक श्री संयम आंचलिया द्वारा अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का सजगता, समर्पण एवं निष्ठा से पालन किया गया। सभी के प्रति साधुवाद एवं उज्जवल भविष्य की मंगलकामना।

परिषद् के समस्त कार्य समिति सदस्यगण, योजना एवं समन्वय समिति सदस्य एवं क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा परिषद् के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु साधुवाद। इनके अतिरिक्त कई प्रिय एवं कर्मठ साथी जिन्होंने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपना अमूल्य समय और श्रम नियोजित कर परिषद् के कार्यक्रमों को सफल बनाया, उन सभी युवा साथियों का जिनका नामोल्लेख में यहां नहीं कर पाया हूँ, सभी के प्रति हार्दिक आभार धन्यवाद।

सभी सहयोगी कार्यकर्त्ताओं के प्रति शुभाशंसा करता हुआ यह मंगलकामना करता हूँ कि भविष्य में भी सभी युवा साथी सक्रिय सहयोगी एवं सहभागी बनकर परिषद् को नई ऊँचाईया प्रदान करने में योगभूत बनेंगे। मैं अंतःकरण से परिषद् के उन सभी सदस्यों एवं कार्यकर्त्ताओं का हृदय से आभारी हूँ, जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से अपने इस कार्यकाल को सुचारू रूप से संपन्न कर पाया हूँ।

# मंगलकामना

अंत में, परिषद् के उत्तरोत्तर विकास की मंगलकामना करते हुए यह आशा करता हूँ कि परिषद् को निरंतर प्रगतिपथ पर अग्रसर रखने में समस्त युवा साथियों का सक्रिय सहयोग एवं मार्गदर्शन सदैव प्राप्त होता रहेगा।

परिषद् अपने त्री–आयामी उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर गतिशील रहते हुए नित नई ऊँचाइयों का आरोहण करती रहे। इसी अपेक्षा के साथ, आगामी नए नेतृत्व एवं नवगठित कार्यकारिणी के प्रति हार्दिक शुभकामनाएँ एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन।

तेरापंथ की शान है, युवा शक्ति धर्म–संघ की जान है,
संघ सेवा में अग्रणी, हर दिल की पहचान है।

संयम, सृजन, समर्पण से, हर पथ को आलोकित करते,
देव, गुरु, धर्म की छाया में, नव निर्माण के दीप सजाते।

लक्ष्य हो कोई भी सामने, मिल कर कदम बढ़ाए,
अरमान है हम सबका, तेयुप का गौरव नित बढ़ाए।
इतिहास एक नया बनाये।
इतिहास एक नया बनाये।।

अणुव्रत भवन, नई दिल्ली
दिनांक : 15 जून 2025

मुदित लोढ़ा
मंत्री

तेरापंथ किशोर मंडल

# वार्षिक प्रतिवेदन - 2024-25

परम पावन आचार्य श्री महाश्रमण जी के श्री चरणों में कोटिशः वंदन। मातृ हृदया साध्वी प्रमुखा विश्रुतविभा जी, मुख्य मुनि प्रवर, साध्वी वर्या जी एवं समस्त चारित्रात्माओं के श्री चरणों में वंदन।

सर्वप्रथम मैं तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के अध्यक्ष श्री राकेश बैंगाणी का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होनें मुझ पर विश्वास करते हुए तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली के संयोजक की ज़िम्मेदारी देकर संघ सेवा का अवसर दिया।

गुरुदेव की असीम कृपा से, दिल्ली में विराजित चारित्रात्माओं के आशीर्वाद और तेयुप दिल्ली के वात्सल्य पूर्ण सहयोग से ही तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली सभी कार्यक्रमों को सफ़लता से सम्पादित कर सका। किशोर मंडल प्रभारी श्री वर्धमान बांठिया का भी मार्गदर्शन नियमित रूप से मिलता रहा। इस कार्यकाल में संपादित कार्यों का विवरण इस प्रकार है।

## 19वां राष्ट्रीय किशोर मंडल अधिवेशन

कार्यकाल 2024–25 का प्रारम्भ गुरु चरणों में राष्ट्रीय अधिवेशन द्वारा हुआ जिसमें अलग–अलग प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन हुआ, जैसे कि Money Matters, Stock Shock , गुरुदेव सेवा, मॉडल प्रतिवेदन।

उपरोक्त कार्यक्रमों में किशोर मंडल के साथियों ने बड़े ही उमंग के साथ भाग लिय। सात्विक गौरव का विषय है कि तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली को सेवा के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

परम पूज्य गुरुदेव ने तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली पर महती कृपा कर सेवा उपासना हेतु समय प्रदान किया एवं पावन उद्‌बोधन प्रदान किया।

## फिट युवा हिट युवा

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के निर्देशन में तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली द्वारा फिट युवा हिट युवा कार्यक्रम 11 अगस्त 2024 को प्लैटिनम वैली इंटरनेशनल स्कूल सूर्यनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 25 किशोरों एवं तेयुप साथियों की उपस्थिति रही।

## जप–तप महायज्ञ

तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक आचार्य श्री भिक्षु के 222 वें चरमोत्सव के पावन अवसर पर अभातेयुप के निर्देशन में ''अभ्यर्थना–एक क्रांति की'' के अंतर्गत तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के निर्देशन में 24 घंटे के अखंड जाप में किशोर मंडल के सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी।

तेरापंथ किशोर मंडल चेन्नई द्वारा 14–15 नवंबर 2024 आयोजित अखंड जाप में तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली के 5 किशोरों ने अपनी सहभागिता दी।

प्रभु पार्श्व प्रणति दिवस के शुभ अवसर पर तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली द्वारा उपवास, एकासन और माला जप के उपक्रम में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई गई।

## संथारा–सेवा सहभागिता

आचार्यश्री महाश्रमणजी की विदुषी शिष्या "शासनश्री" साध्वीश्री रतनश्री जी के 19 दिनों के संथारे संलेखना के दौरान चले जप के क्रम में **TKM** दिल्ली सदस्यों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

## TKM - SUMIT

तेरापंथ किशोर मंडल द्वारा किशोर समिट कार्यक्रम दिनांक 30 जून 2024 को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में TKM - AXIS के ब्लू ब्रिगेड मेंबर श्री रजत संचेती की गरिमामय उपस्थिति रही। समिट में किशोरों को 19वें राष्ट्रीय अधिवेशन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम मैं साध्वीश्री डॉ कुंदनरेखा जी का सानिध्य किशोरों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में तेयुप अध्यक्ष श्री राकेश बैंगाणी सहित तेयुप सदस्यों की उपस्थिति रही।

## MIC DROP The Secret to your Success Story

तेयुप के निर्देशन में तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली द्वारा MIC DROP कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को अणुव्रत भवन में किया गया। कार्यक्रम में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम का संचालन किशोर मंडल संयोजक संयम आंचलिया द्वारा किया गया।

## किशोर मंडल द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को वस्त्र वितरण

किशोर मंडल द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता एवं सेवा भावना के उद्देश्य से वस्त्र वितरण का पुण्य कार्य निम्न स्थानों पर किया गया :

1. दिनांक 01.12.2024 को शास्त्री नगर और आस–पास के क्षेत्र में।
2. दिनांक 21 दिसंबर 2024 को रैन बसेरा कोड संख्या 02 कटरा मौला बख्श और पदम नगर रैन बसेरा। सेवा कार्य में क्लब अर्हम का सहयोग तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली को प्राप्त हुआ। इस कार्य का उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज सेवा के भाव को बढ़ावा देना था ।

## CAREER COUNSELLING

दिनांक 5 जनवरी 2025 को ओसवाल भवन विवेक विहार में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा आयोजित कैरियर काउंसलिंग में किशोर मंडल के सदस्यो की अच्छी संख्या में उपस्तिथि रही।

## सदस्यता अभियान

| | |
|---|---|
| तेरापंथ किशोर मंडल सदस्य 2023–24 | 111 |
| आलौच्य वर्ष में सदस्यता मुक्त (21 वर्ष) सदस्य | 24 |
| परिषद् से परिसिमन गाँधी नगर क्षेत्र सदस्य | 14 |
| आलौच्य वर्ष 2024–25 मे आजीवन सदस्य बनें | 01 |
| **कुल आजीवन सदस्य** | **74** |

## चारित्रात्माओं की सेवा

मुनिश्री सुमति कुमार जी के रायसिंह नगर में प्रवेश के अवसर तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली के किशोर वहाँ उपस्थित थे। मुनि प्रवर ने किशोरों को प्रेरणा और सान्निध्य प्रदान किया ।

## विहार सेवा

दिल्ली एन.सी.आर. में विचरण कर रहे चारित्रात्माओं की विहार सेवा में तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली के सदस्यों की समय समय पर उपस्थिति रही एवं नियमित दर्शन करने का क्रम रहा।

## CONFIDENT PUBLIC SPEAKING (CPS)

तेयुप द्वारा आयोजित Confident Public Speaking (CPS) की 6 कार्यशालाओं में किशोर मंडल के सदस्यों ने व्यवस्था संबंधित कार्यों में सहयोग किया एवं किशोरों ने कार्यशाला में भाग भी लिया।

## Aspire Arc – नये नेतृत्व की दिशा

TKM Axis की प्रेरणा से TKM दिल्ली द्वारा Aspire Arc कार्यक्रम 4 मई 2025 को शास्त्री नगर भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशोरों को प्रेरणा देने के लिए TKM Axis से श्री अर्पित मालू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में किशोरों की अच्छी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर तेयुप दिल्ली के सदस्यों का भी मार्गदर्शन मिला।

अंत में मैं तेयुप दिल्ली के सभी पदाधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिनका वर्ष पर्यन्त सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहा। पूर्ण कार्यकाल के दौरान मेरे या किशोर मंडल के किसी भी सदस्य द्वारा कोई त्रुटि हुई हो या किसी भी तरह की अविनय असातना हुई हो तो बारम्बार खमत–खामना करता हूं।

**संयम आंचलिया**
किशोर मंडल संयोजक



# सेवा संस्कार संगठन

## तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

पंजीकृत कार्यालय : ए-875, शास्त्रीनगर, दिल्ली-110052
कार्यालय : अणुव्रत भवन, 210, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002
मोबाईल : 9315078011-12-13
ईमेल - delhityp@gmail.com वेबसाईट - www.typdelhi.org